मैं जपु श्याम तेरा नाम बाकि तू जाने

मैं जपु श्याम तेरा नाम बाकि तू जाने,
तेरे सुमिरन मेरा काम बाकी तू जाने,
तू जाने तू जाने श्याम मेरे सब तू जाने,
मैं हो गया तेरा गुलाम बाकि तू जाने,

तेरे सहारे चलती है मेरे परिवार की नाइयाँ,
तू पतवार है मेरी बाबा तू ही मेरा खवइयाँ,
तेरा दामन लिया है थाम बाकि तू जाने,
मैं जपु श्याम तेरा नाम बाकि तू जाने,

मैं इस मन को क्यों उलझाऊ माया के बंधन में,
मेरा हर मौज से गुजरे श्याम तेरे वंधन में ,
तेरे नाम के पीयू मैं याम बाकि तू जाने,
मैं जपु श्याम तेरा नाम बाकि तू जाने,

शीश के दानी शीश मेरा सदा रहे तेरे पाँव में,
लख दातार है स्वर्ग मेरा करुणा की छाव में,
मैं करू यही आराम बाकि तू जाने,
मैं जपु श्याम तेरा नाम बाकि तू जाने,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11061/title/main-japu-shyam-tera-naam-baki-tu-jaane

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |